# समावेशी विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का हो प्रयास : मुर्मू

## नागरिक अभिनंदन समारोह में राष्ट्रपति ने महिला सशक्तीकरण के प्रयासों को सराहा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने रविवार को लोकभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नागरिक सम्मान किया। राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार राजधानी पहुंचीं मुर्मू इससे अभिभूत नजर आईं। उन्होंने जहां प्रदेश सरकार और जनता के प्रति आभार व्यक्त किया, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के स्तर से प्रदेश के विकास के साथ ही महिलाओं के उत्थान को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की।

राष्ट्रपति ने कहा कि अर्थव्यवस्था के विकास के साथ ही महिलाओं को भी समावेशी विकास में भागीदार बनाने का प्रयास होना चाहिए। हालांकि आजादी के बाद महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में काफी प्रयास हुए हैं, आगे भी इसे जारी रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि महिला सशक्तीकरण में नया प्रतिमान स्थापित होगा। उन्होंने नई पीढ़ी की महिलाओं को भी आगे कर भागीदार बनाने का आह्वान किया।

राष्ट्रपति रविवार को लोकभवन में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था के विकास के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था के समावेशी प्रगति का न्यायपूर्ण विकास भी अनिवार्य है। समाज के सभी वंचित व महिलाओं को समावेशी विकास की परिधि में लाना हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकता है। महिलाओं के सशक्तीकरण में यूपी की भूमिका का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने प्रदेश में महिला सशक्तीकरण और स्वावलंबन के लिए किये जा रहे कार्यों का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने यूपी की पहली महिला राज्यपाल बनने वाली सरोजनी नायडू और पहली मुख्यमंत्री बनने वाली सुचेता कृपलानी की चर्चा करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में नई पीढ़ियों की बेटियां अन्य क्षेत्रों में कीर्तिमान बनाएंगी। यूपी भी महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में नया प्रतिमान स्थापित करेगा।

इस मौके पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि हमारे देश को ऐसी राष्ट्रपति मिली हैं, जो नारी शक्ति का प्रतीक हैं। नागरिक अभिनंदन समारोह में उप मुख्यमंत्री द्वय ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर मौजूद रहे।



राष्ट्रपति बनने के बाद रविवार को पहली बार लखनऊ पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का लोकभवन में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में स्वागत करते सीएम योगी। - संवाद

### राष्ट्रपति भवन की शोभा बढ़ाएंगे ओडीओपी उपहार

इससे पहले राष्ट्रपति का स्वागत समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने ओडीओपी उपहार भेंट करके किया। रंगकर्मियों, संस्कृतिकर्मियों की ओर से अलीगढ़ की बनी कांस्य की नटराज प्रतिमा भेंट की गई। इसी प्रकार साहित्यकारों ने राष्ट्रपति को ओडीओपी उत्पाद भेंट कर स्वागत किया। हस्तशिल्पकारों ने गेहूं से बनी बहराइच की कलाकृति से स्वागत किया। स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधियों ने सीतापुर की दरी और बाराबंकी के शहद से, प्रगतिशील कृषकों ने सिद्धार्थनगर के काला नमक चावल और अयोध्या के गुड़ से, उद्यमियों ने फिरोजाबाद के कांच के उत्पाद से तथा प्रदेश के प्रोफेशनल्स की ओर से बनारसी साड़ी भेंट किया।

### लखनऊ का संबंध लक्ष्मण से जोड़ा

राष्ट्रपति ने लखनऊ का संबंध भगवान श्री राम के भाई लक्ष्मण जी से जोड़ते हुए कहा कि लंबे काल तक इसे लखनपुर के नाम से जाना जाता रहा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए लखनऊ से उनके जुड़ाव को याद किया। लंबे समय तक लखनऊ के सांसद रहे अटल जी ने कहा था 'लखनऊ हम पर फिदा और हम फिदा-ए-लखनऊ, क्या है ताकत आसमान की जो छुड़ाए लखनऊ। राष्ट्रपति ने काशी, अयोध्या, मथुरा, सारनाथ, गोरखपुर, नैमिषारण्य और मगहर जैसे प्रदेश के पवित्र धार्मिक स्थलों को भारत की आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र बिंदु बताया। साथ ही उत्तर प्रदेश में बहने वाली नदियों का उल्लेख करते हुए इनकी शुद्धता और पवित्रता को बनाए रखने का आह्वान किया।

### आधी आबादी के सम्मान को दी नई ऊंचाई : योगी

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र के लिए ये गौरव की बात है कि आपने जनजातीय समाज के एक सामान्य परिवार में जन्म लेने और आदर्श भारतीय नारी के रूप में भारत गणराज्य के सर्वोच्च पद पर आसीन होकर देश की आधी आबादी के सम्मान को एक नई ऊंचाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुर्मू पहली ऐसी राष्ट्रपति हैं जिनका जन्म भारत की स्वाधीनता के बाद हुआ। संघर्षों से भरा आपका जीवन हम सब के लिए पथ प्रदर्शक और प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है।